प्रेषक,

जिला विद्यालय निरीक्षक,
प्रयागराज

सेवा में,

समस्त प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या,
राजकीय/अशासकीय सहायता प्राप्त,
वित्तविहीन मान्यता प्राप्त, उ०मा०वि०/इण्टर कालेज,
जनपद–प्रयागराज।

पत्रांक/सूचना/ 12096 – 99 /2021–22 दिनांक : 8.02-2022

विषय–शैक्षणिक सत्र 2021–22 हेतु एकेडमिक कैलेण्डर के अनुसार वेबसाइड पर उनके अंक अपलोड करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कृपया सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद उ०प्र० प्रयागराज के पत्र संख्या/मा०शि०प० /परिषद–9/867/2021–22 दिनांक 07 फरवरी, 2022 द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में अवगत कराना है कि शैक्षणिक सत्र 2021–22 हेतु एकेडमिक कैलेण्डर के अनुसार माध्यमिक विद्यालयों में शैक्षणिक एवं पाठ्य सहगामी गतिविधियों का सम्यक संचालन कराने, उसका पर्यवेक्षण तथा अनुश्रवण करने की अपेक्षा की गयी थी। एकेडमिक कैलेण्डर में सामान्य निर्देशों के बिन्दु संख्या–23 में निम्नलिखित निर्देश दिये गये थे–

"डिजिटल लिट्रेसी को बढ़ाने के लिए सभी विद्यालयों द्वारा अपने प्रत्येक पंजीकृत विद्यार्थियों से उनकी ईमेल–आई०डी० बनवायी जाये तथा उसके प्रयोग हेतु उन्हें प्रशिक्षित किया जाय। प्रत्येक विद्यालय द्वारा अपनी वेबसाइड विकसित की जाय। वेबसाइट का कार्य सितम्बर से नवम्बर माह के मध्य पूर्ण कर लिये जाने के निर्देश दिये गये थे।" किन्तु आप द्वारा अपने विद्यालय की वेबसाइड/विद्यार्थियों का ईमेल आई०डी० विकसित नहीं किया गया है। जो अत्यन्त खेदजनक है।

अतः के उक्त के सम्बन्ध में आपको निर्देशित किया जाता है कि दिनांक 15.02.2022 तक एकेडमिक कैलेण्डर के बिन्दु संख्या–23 के अनुसार विद्यालयों की वेबसाइड विकसित करने तथा प्रत्येक पंजीकृत विद्यार्थी की ईमेल आई०डी० बनवाने की सूचना संलग्न निर्धारित प्रारूप पर **MS-Excel Sheet Kurti Dev-14** फॉन्ट में बनाकर हार्ड तथा सॉफ्ट कापी दिनांक 15.02.2022 तक अनिवार्य रूप से अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। यह कार्य अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाय।

भवदीय

जिला विद्यालय निरीक्षक
प्रयागराज

पृष्ठांकन संख्या/सूचना/ /2021–22 तद्दिनांक :

प्रतिलिपि–निम्नलिखित की सेवा में सूचनार्थ प्रेषित।

1. शिक्षा निदेशक (मा०), उत्तर प्रदेश लखनऊ।
2. सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद उ०प्र० प्रयागराज।
3. संयुक्त शिक्षा निदेशक, प्रयागराज मण्डल प्रयागराज।

जिला विद्यालय निरीक्षक
प्रयागराज

Scanned with CamScanner

कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक, प्रयागराज

शैक्षिक सत्र 2021-22 एकैडमिक कैलेण्डर के अनुसार किये गये कार्यों की सूची

क्र०सं०	विद्यालय कोड	विद्यालय का नाम	कक्षा–09 से 12 तक अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं की संख्या	विद्यालय द्वारा विकसित वेबसाइड का Address (अर्थात वेबसाइड का URL/www....) की सूची संलग्न करें।	कितने विद्यार्थियों की ई०मेल०आई०डी० बनवायी गयी, की सूची संलग्न करें।
1	2	3	4	5	6

Scanned with CamScanner